सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 337 | इंदौर, बुधवार 24 जून, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

मंदिर में चढ़ावा चोरी

● एसआईटी की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

## बड़े पैमाने पर चोरी के संकेत, FIR की सिफारिश

**लखनऊ, (एजेंसी) राम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट एसआईटी अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद को सौंप दी है। रिपोर्ट में चढ़ावा चोरी से लेकर कमीशनखोरी के खेल उजागर होने की बात कही गई है। मंदिर में कर्मचारियों की नियुक्ति, गणना प्रक्रिया में भी बड़े हेरफेर की आशंका एसआईटी ने जताई है। इनसे संबंधित एक-एक साक्ष्य एसआईटी ने जुटाए हैं। गवाहों का भी जिक्र रिपोर्ट में किया गया है। ट्रस्ट के बड़े पदाधिकारियों से लेकर उनके रिश्तेदारों, करीबियों और कर्मचारियों की भूमिका पर रिपोर्ट में सवाल खड़े किए गए हैं।**

एसआईटी में शामिल लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, लखनऊ आईजी रेंज किरण एस और विशेष सचिव वित्त नील रतन मंगलवार सुबह करीब 11 बजे शासन पहुंचे। तीनों अधिकारियों ने गोपनीय जांच रिपोर्ट संजय प्रसाद को दी। गृह विभाग इस रिपोर्ट को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेगा। सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर सबसे बड़े सवाल उठाए गए हैं। कुछ की भूमिका भी उजागर की गई है। अंदेशा जताया गया है कि वे हेरफेर में शामिल रहे हैं। वहीं, कुछ पदाधिकारियों को लापरवाही का दोषी पाया गया है, जिनकी निगरानी में चढ़ावा चोरी हुआ। फिलहाल मामले में सबसे अधिक जो पदाधिकारी सवालों के घेरे में हैं, उनमें ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, अनिल मिश्रा व निर्माण सहायक गोपाल राव का नाम शामिल है।

### सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान अहम

सूत्रों के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज से छेड़छाड़ के साक्ष्य एसआईटी ने जांच रिपोर्ट में शामिल किए हैं। वहीं, कुछ अहम फुटेज एसआईटी को मिले भी हैं, जिससे चोरी के आरोपों पर मुहर लगी है। इसमें गणनाकर्मी सीधे तौर पर शामिल रहे। खासकर अनुकल्प, मनीष, अवनीश आदि हैं। इसके अलावा टिन्नू के खिलाफ भी साक्ष्य मिले हैं। चोरी में 25-30 लोगों की भूमिका पाई गई है। इन सभी पर एफआईआर की संस्तुति की गई है। इन सभी के खिलाफ कई गवाह भी हैं, जिनके बयान बेहद अहम हैं।

### कमीशन का आरोप बनेगा गले की फांस

ट्रस्ट के पदाधिकारियों के रिश्तेदार व करीबियों का भी जांच रिपोर्ट में जिक्र है। खासकर चंपत राय के करीबी टिन्नू यादव, अनिल मिश्रा के रिश्तेदार, गोपाल राव के रिश्तेदार सोम आदि का। अब इन सभी पर जल्द केस दर्ज हो सकता है। वहीं, अनिल मिश्रा पर 40 प्रतिशत कमीशन लेने के आरोपों का भी जिक्र एसआईटी ने किया है। इंजीनियर ने अपने बयान में भी स्पष्ट रूप से कमीशन का आरोप लगाया है। चंपत राय और गोपाल राव पर भी लगे आरोपों को एसआईटी ने जांच में शामिल किया है। निर्माण के दौरान पत्थरों की खरीदारी में गोपाल की प्रमुख भूमिका थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक संपन्न

# सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए 5,960 करोड़ रुपए मंजूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए 5 हजार 960 करोड़ रूपये की योजनाओं सहित कई जनहितैषी कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान को गति देते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को 1 अप्रैल 2026 से आगामी 5 वर्षों तक निरंतर संचालित रखने के लिए 1,740 करोड़ 57 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई है।**



शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए राज्य में शासकीय माध्यमिक और हाई स्कूलों के उच्च स्तरीय उन्नयन की योजना को सैद्धांतिक सहमति दी गई, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक पहुँच बढ़ेगी और ड्रॉप आउट दर में कमी आएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों के आर्थिक संबल के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना की नई शर्तों, शुजालपुर (शाजापुर) में नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय की स्थापना, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 3 हजार 580 करोड़ रूपये से अधिक की राशि की निरंतरता तथा जनजातीय क्षेत्रों के विद्युतीकरण संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना और कल्याणी विवाह सहायता योजना को 1 अप्रैल 2026 से 5 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 1,740 करोड़ 57 लाख रूपये की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना प्रदेश में 1 अप्रैल 2006 से प्रभावशील है। योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। योजना अंतर्गत गरीब जरूरतमंद, निराश्रित और निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/विधवा/परित्यक्ता के सामूहिक विवाह में आर्थिक सहायता के रूप में राशि 55 हजार रूपये प्रति कन्या के मान से दी जाती है। योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक 1 लाख 72 हजार 905 हितग्राहियों को 989 करोड़ 80 लाख 62 हजार रूपये से अधिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह, योजना महिला सशक्तिकरण की एक अहम योजना है, जिसके अंतर्गत गरीब और जरुरतमंद अभिभावकों की कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न होता है। इस योजना से विवाह की वैधानिक आयु सुनिश्चित हो जाती है। यह योजना महिलाओं के सामाजिक उत्थान के लिये महत्वपूर्ण है। मंत्रि-परिषद ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक पहुँच एवं गुणवत्ता में वृद्धि के लिए शासकीय माध्यमिक शाला का हाई स्कूल एवं हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन की योजना पर सैद्धांतिक स्वीकृति दी। स्वीकृति अनुसार वर्ष 2026-27 में 75 माध्यमिक शालाओं का हाई स्कूल तथा 100 हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी स्कूल में उन्नयन किया जाएगा। आगामी 2 वर्षों 2027-28 एवं 2028-29 में भी इसी प्रकार प्रतिवर्ष 75 माध्यमिक एवं 100 हाईस्कूलों के उन्नयन पर सैद्धांतिक सहमति दी गई है। साथ ही विद्यालयों के उन्नयन के लिए अनुमानित व्यय राशि 635 करोड़ 24 लाख रूपये के प्रस्ताव पर सहमति दी। विकसित मध्यप्रदेश@2047 के तहत वर्ष 2029 तक 100 प्रतिशत सकल नामांकन दर प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। मापदण्डों के आधार पर जिला स्तर से मैपिंग अनुसार 315 हाई स्कूल एवं 214 हायर सेकेण्डरी स्कूल खोले जाने की आवश्यकता है। मंत्रि-परिषद द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना अंतर्गत किसानों के हित में शर्तों की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार खरीफ एवं रबी सीजन के लिए पृथक-पृथक देय तिथि (ड्यू डेट) नहीं रखते हुए उसके स्थान पर वार्षिक एकल ऋण सीमा रखी जाएगी, जिसमें नगद एवं वस्तु ऋण की उप-सीमा निर्धारित रहे। योजनान्तर्गत देय तिथि (ड्यू डेट) कृषकों को स्वीकृत वार्षिक एकल लिमिट से प्रथम ऋण आहरण से 12 माह निर्धारित की जाएगी और अल्पावधि फसल ऋण लेने वाले किसानों को 1.25 प्रतिशत (सामान्य) ब्याज अनुदान तथा निर्धारित ड्यू डेट तक ऋण की अदायगी करने वाले किसानों को 4 प्रतिशत प्रोत्साहन स्वरूप (अतिरिक्त ब्याज अनुदान) राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

### अन्य निर्णय

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विद्युतीकरण कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा दिये गये केन्द्रांश पर देय एसजीएसटी की राशि राज्य शासन द्वारा वितरण कंपनियों को अंश पूँजी के रूप में उपलब्ध करवाये जाने का निर्णय लिया है।

# कलेक्ट्रेट में मूल निवासी और आय प्रमाण पत्र के लिए नहीं काटने होंगे चक्कर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले के नागरिकों को अब मूल निवासी, आय और अन्य जरूरी सरकारी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कलेक्ट्रेट या सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिलने वाली है। स्थानीय प्रशासन ने आम जनता की सहूलियत के लिए एक बेहद आधुनिक और आसान तकनीक की शुरुआत की है।

● मोबाइल पर मिलेंगे सर्टिफिकेट



कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए एक विशेष चैटबॉट का ट्रायल वर्जन लॉन्च किया है। इस डिजिटल सिस्टम के जरिए शहर के लोग घर पर ही अपने मोबाइल की मदद से आवेदन कर सकेंगे और तय समय सीमा के भीतर अपने जरूरी दस्तावेज हासिल कर सकेंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस नई व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की ओर से साफ निर्देश हैं कि आम जनता को मिलने वाली तमाम जरूरी सरकारी सेवाएं तय वक्त के अंदर ही मुहैया कराई जानी चाहिए। इसी मंशा को पूरा करने के लिए इस चैटबॉट को डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर बहुत छोटे-छोटे कामों या प्रमाण पत्रों के लिए भी लोगों को बार-बार दफ्तरों के फेरे लगाने पड़ते हैं, जिससे उनका समय और पैसा दोनों ही बर्बाद होता है। प्रशासन की कोशिश है कि अब लोगों को बिना दफ्तर बुलाए उनके काम घर बैठे ही निपटाए जाएं। शुरुआती चरण में इस चैटबॉट पर मूल निवासी, आय और जाति प्रमाण पत्र की सेवाओं को लाइव किया गया है। आवेदक अपने मोबाइल फोन के जरिए ही इस चैटबॉट पर जाकर सीधे आवेदन की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। जरूरी दस्तावेजों को मोबाइल से ही अपलोड करने की सुविधा दी गई है, जिसके बाद संबंधित विभाग इसकी जांच करेगा। आवेदन स्वीकृत होने के बाद तय समय सीमा में डिजिटल हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा। जारी किए गए सभी दस्तावेज डिजिटल फॉर्मेट में होंगे, जिन्हें आवेदक अपने फोन या कंप्यूटर पर सीधे डाउनलोड कर सकेंगे।

**भविष्य में बढ़ेंगी सेवाएं**

कलेक्टर ने साफ किया है कि यह इस व्यवस्था की सिर्फ एक शुरुआत है। आने वाले दिनों में इस चैटबॉट को तकनीकी रूप से और ज्यादा अपग्रेड किया जाएगा, ताकि नगर निगम और राजस्व विभाग से जुड़ी अन्य नागरिक सेवाओं को भी इससे जोड़ा जा सके। इस प्रयोग के जरिए प्रशासन की कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा कागजी काम ऑनलाइन ही सिमट जाएं। अगर यह शुरुआती ट्रायल पूरी तरह सफल रहता है, तो आने वाले समय में इसके दायरे को काफी बड़ा किया जाएगा ताकि इंदौर के हर नागरिक तक सरकारी सेवाएं सुगमता से पहुंच सकें।



# वाटर रिचार्जिंग के लिए खोदे गड्ढे से फूटी पीएनजी लाइन

## आग के गुबार से झुलसे युवक-युवती, दो वाहन भी जले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजय नगर क्षेत्र में नगर निगम का अमला वाटर रिचार्जिंग के लिए गड्ढा खोद रहा था। इस दौरान अवंतिका कंपनी की पीएनजी गैस की लाइन फूट गई और उसमें आग लग गई। जोरदार धमाके के साथ आग का गुबार निकला और उसकी चपेट में सड़क से गुजर रही एक युवती आ गई। उसे बचाने के लिए एक अन्य युवक पहुंचा, तो वह भी झुलस गया। इस हादसे में दो वाहन भी जले हैं। युवती को बॉम्बे अस्पताल में भर्ती किया गया है।**

घटना मंगलवार दोपहर विजय नगर में एक शॉपिंग मॉल के पीछे हुई। नगर निगम शहरभर में सड़क किनारे वाटर रिचार्जिंग के लिए गड्ढे खोदने का काम कर रहा है। एक टीम विजय नगर क्षेत्र में भी इस काम में लगी है। सड़क किनारे मशीन से गड्ढा खोदा जा रहा था, तभी जमीन के नीचे से जा रही पीएनजी गैस लाइन फूट गई। फूटे हिस्से से तेजी से गैस निकली और कुछ देर बाद आग लग गई। रिसाव बंद नहीं होने के कारण देर तक आग का गुबार निकलता रहा। मौके पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। गैस कंपनी ने जब लाइन ब्लॉक की, तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। हादसे के समय सड़क से दोपहिया वाहन से गुजर रही एक युवती आग में गंभीर रूप से झुलस गई। युवती का वाहन भी आग में जल गया। इसके अलावा एक युवक भी झुलसा है, जो टीम मशीन से खुदाई कर रही थी। उनमें से भी एक कर्मचारी घायल हुआ है। हादसे के बाद मशीन को मौके पर छोड़कर ड्राइवर भाग गया।

# मीडियाकर्मी के खिलाफ अवैध वसूली के मामले में एफआईआर दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने एक मीडियाकर्मी के खिलाफ अवैध वसूली के मामले मे एफआईआर की है। बताया जाता है कि मीडियाकर्मी ने खबर छापने के नाम पर बिल्डर को धमकाया ओर दस लाख ओर फ्लेट की डिमांड की थी।**

टीआई सियाराम गुर्जर के मुताबिक बिल्डर कवित्र गांधी ने सोमवार को एक लिखित आवेदन दिया था। जिसमे उन्होने अनवर हुसैन नाम के एक मीडियाकर्मी पर आरोप लगाए थे। शिकायत मे बताया था कि अनवर उन्हे कॉलोनी की खबरे छापने को लेकर धमकाता है इतना ही नही वह आए दिन उनसे रूपए की डिमांड भी करता है। अनवर ने कुछ समय पहले अंकाउट मे उनसे 20 हजार रूपए भी लिए थे।

कुछ दिन पहले अनवर ने उन्हे कॉलोनी की अनिमियतता ओर अन्य शासन के कार्यालय मे शिकायत करने के नाम पर धमकाया वही एक फ्लैट ओर 10 लाख रूपए की डिमांड की। मामले मे कवित्र गांधी ने कुछ डिजीटल सबूत भी पुलिस को सौपे। रात मे वरिष्ठ अफसरो से बात करते हुए पुलिस ने अनवर हुसैन के खिलाफ अवैध वसूली ओर धमकाने के मामले मे एफआईआर दर्ज कर ली है। अनवर पर पूर्व मे चंदन नगर थाने मे भी 5 के लगभग अपराध अवैध वसूली ओर मारपीट के दर्ज है। वही छत्रीपुरा पुलिस ने शुभम शर्मा निवासी जय भवानी नगर की शिकायत पर शेलेन्द्र उर्फ पिंटू पुत्र संतोष शर्मा निवासी आदर्श इंदिरा नगर ओर उसके दो अज्ञात साथियों पर धमकाने के मामले मे एफआईआर की है। शुभम ने बताया कि शेलेन्द्र से उनका 35 लाख का लेनदेन है। शेलेन्द ने उन्हे मिलने के लिए स्वास्तिक नगर के यहां बुलाया था। सोमवार को जब वह यहां पहुंचे तो दो लडके एक मोपेड पर आए ओर पिस्तौल दिखाकर धमकाया कि शेलेन्द्र से किसी तरह के रूपए मत मांगना। पीडित ने शंका होने के बाद थाने आकर पुलिस को मामले शिकायत की। शुभम ने आरोप लगाया कि 14 की रात मे उन लडको ने उनके दोस्त मोहन जाट पर चाकू से हमला करने की कोशिश की थी। आरोपी रविवार को शुभम के घर के आसपास भी घूमते दिखाई दिए थे। हालाकि पुलिस इस मामले मे जांच कर रही है।

# लखनऊ अग्निकांड- इंदौर में 23 संस्थान सील, 10 कोचिंग सेंटर


@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लखनऊ कोचिंग अग्निकांड के बाद कोचिंग सेंटर्स के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। मंगलवार को 23 संस्थानों को सील किया गया। लखनऊ हादसे में 15 लोगों की मौत हुई थी। इनमें मध्यप्रदेश के अनूपपुर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर जयनील चक्रवर्ती (26) भी शामिल थे।**

इंदौर प्रशासन, नगर निगम और फायर डिपार्टमेंट की टीम ने कई संस्थानों पर छापेमारी की। इनमें 18 कोचिंग संस्थान और लाइब्रेरी हैं। बाकी 5 में होटल, रेस्टोरेंट, ऑफिस हैं। जांच में गीता भवन स्थित केटेलाइजर कोचिंग सेंटर में गंभीर सुरक्षा खामियां मिलीं। बिल्डिंग का इमरजेंसी एग्जिट बंद था। किसी के खिलाफ एफआईआर नहीं हुई है।







इसके साथ ही केटेलाइजर कोचिंग संस्थान, नुकलियम कोचिंग संस्थान, रामानुजन कोचिंग संस्थान, आयाम कोचिंग संस्थान, मक्खन वाला होटल और इकरथ कोचिंग संस्थान को सील कर दिया गया है। इमरजेंसी एग्जिट बंद होने से बड़ी संख्या में छात्रों के फंसने की आशंका थी। संयुक्त टीम ने कोचिंग सेंटर्स के साथ शहर के प्रमुख व्यावसायिक परिसरों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान वेदा बिजनेस पार्क, अपोलो एवेन्यू, अपोलो आर्केड और भंवरकुआं क्षेत्र के कई व्यावसायिक भवनों की फायर सेफ्टी व्यवस्था जांची गई। जांच में पाया गया कि कई भवनों में फायर सिस्टम खराब थे। रूल्स मुताबिक उपलब्ध नहीं थे। कुछ जगहों पर फायर सेफ्टी सिस्टम का नियमित रखरखाव भी नहीं किया जा रहा था। प्रशासन ने भवन संचालकों को नोटिस जारी किए हैं। निरीक्षण के दौरान कई बहुमंजिला इमारतों में इमरजेंसी एग्जिट बंद पाए गए। आग या अन्य आपदा की स्थिति में ऐसे रास्तों का खुला और सुरक्षित होना अनिवार्य है। इमरजेंसी गेट बंद होने से लोगों की सुरक्षित निकासी प्रभावित हो सकती है, जिससे बड़ा खतरा है।

# पिता ने डांटा तो बॉयफ्रेंड संग मिलकर चाकू से गोदा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कृष्णबाग कॉलोनी में सोमवार देर रात प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर एक युवती ने प्रेमी और उसकी मां के साथ मिलकर अपने माता-पिता पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खजराना थाना पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार, घायल की पहचान मेहरबान सिंह (40) के रूप में हुई है। उन पर शुभम पल्लव, मेहरबान की बेटी प्राची और शुभम की मां किरण पल्लव ने हमला किया। जांच में सामने आया है कि प्राची और शुभम के बीच चार साल से प्रेम संबंध थे। सोमवार को मेहरबान सिंह को इसकी जानकारी मिली। उन्होंने बेटी को डांट-फटकार लगाई। इससे नाराज होकर प्राची घर छोड़कर चली गई। परिजन के मुताबिक, करीब एक घंटे बाद प्राची प्रेमी शुभम और उसकी मां किरण के साथ घर पहुंची। घर पहुंचते ही तीनों ने विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान शुभम ने चाकू निकालकर मेहरबान सिंह पर ताबड़तोड़ हमला कर दिए। हमले में मेहरबान सिंह की पीठ, कंधे और पैर पर गंभीर चोटें आईं। जब उनकी पत्नी बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। महिला के बाल पकड़कर खींचे। उनके हाथ पर भी चाकू मार दिए। परिजन और आसपास के लोग घायल मेहरबान सिंह को तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे।

## डेढ़ लाख के गहने लेकर भागा युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी दुकान से सोने के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। बदमाश दुकान संचालक को बातों में उलझाकर करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत की सोने की चेन और दो अंगूठियां लेकर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस के मुताबिक वैभव नगर निवासी 70 वर्षीय शिवशंकर विजयवर्गीय की चंद्रकला ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे एक युवक दुकान पर आया और सोने की चेन व दो अंगूठियां पसंद कीं। बिल करीब डेढ़ लाख रुपये बनने पर उसने पैसे नहीं होने की बात कहकर एटीएम से रकम निकालने की बात कही।

# हितग्राही समस्या समाधान शिविर 25 जून को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार तथा मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष श्री ओम जैन के मार्गदर्शन में इंदौर शहर की विभिन्न मंडल कॉलोनियों के निवासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए हितग्राही समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र इंदौर द्वारा यह शिविर 25 जून (गुरुवार) को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ए.बी. रोड स्थित मंडल कार्यालय, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। शिविर में अध्यक्ष श्री ओम जैन की उपस्थिति में मुख्यालय भोपाल एवं वृत्त इंदौर के अधिकारी-कर्मचारी हितग्राहियों की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करेंगे। शिविर में नामांतरण, लीज नवीनीकरण, रजिस्ट्री, फ्रीहोल्ड, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) सहित अन्य प्रकरणों का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही संबंधित नियमों एवं प्रावधानों की जानकारी भी हितग्राहियों को पारदर्शिता के साथ प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मंडल की विभिन्न अविकसित एवं उपलब्ध संपत्तियों की जानकारी तथा उनके क्रय की प्रक्रिया से भी हितग्राहियों को अवगत कराया जाएगा।

### कलेक्टर की जनसुनवाई में आने के लिए 1000 किमी का सफर तय किया

# 2 करोड़ की जमीन बचाने एम्बुलेंस से इंदौर पहुंची बुजुर्ग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर जनसुनवाई में मंगलवार को एक बेहद संवेदनशील मामला सामने आया। उत्तर प्रदेश के बिजनौर से एक गंभीर रूप से बीमार वृद्धा को परिजन आईसीयू एम्बुलेंस से इंदौर लेकर पहुंचे। परिवार का आरोप है कि उनकी करीब दो करोड़ रुपए कीमत की जमीन पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए कब्जा कर लिया गया है और लंबे समय से शिकायत करने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल सका।**



वृद्धा के बेटे फरहान ने बताया कि उनकी मां के नाम इंदौर के गांधीनगर क्षेत्र में दो प्लॉट हैं। ये प्लॉट वर्ष 1969 में तत्कालीन वेस्ट निवारा क्रेडिट सोसायटी द्वारा आवंटित किए गए थे। बाद में संपत्ति का नामांतरण भी मां के नाम हो चुका था और वह वर्षों से इन जमीनों की वैध मालिक हैं। परिजनों और उनके वकील अशफाक खान ने आरोप लगाया कि जब परिवार बिजनौर चला गया था, तब संपत्ति की देखरेख की जिम्मेदारी रिश्तेदारों को दी गई थी। आरोप है कि इसी दौरान कुछ लोगों ने सोसायटी प्रबंधन से मिलीभगत कर फर्जी आवंटन पत्र और दस्तावेज तैयार कर संपत्ति अपने नाम दर्ज करा ली। परिवार का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिजनों के मुताबिक वर्तमान समय में जमीन की कीमत करीब दो करोड़ रुपए है। जनसुनवाई में पहुंचे परिवार ने कलेक्टर को पूरे मामले की शिकायत सौंपी। एडवोकेट अशफाक खान के अनुसार कलेक्टर ने आवेदन लेकर मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। परिजनों का कहना है कि सभी स्तरों पर सुनवाई नहीं होने के बाद अब उन्हें कलेक्टर जनसुनवाई से न्याय की उम्मीद है। फिलहाल परिवार की नजर प्रशासन की जांच और आगे की कार्रवाई पर है। जनसुनवाई में रिश्वत मांगने की शिकायत सामने आने के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पटवारी अनुशील जोसफ को सस्पेंड कर दिया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि बटांकन आदेश का अमल करने के एवज में पटवारी ने दो लाख रुपए की रिश्वत की मांग की गई थी। पीड़ित ने मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित पटवारी के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केवल निलंबन की कार्रवाई ही नहीं की, बल्कि संबंधित बटांकन आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि शिकायतकर्ता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इस कार्रवाई को प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख के रूप में देखा जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या भ्रष्ट आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## चौकसे को नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पद से हटाने का विरोध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **चिंटू चौकसे से नगर निगम नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी लेकर पार्षद सोनिला मिमरोट को सौंप दी। सोमवार को लेटर आने के बाद कई कांग्रेस नेताओं ने रोष व्याप्त किया था। इस आदेश के विरोध में उन्होंने अपना त्याग पत्र देने का मन बना लिया था। मंगलवार को दो घंटे चले मीटिंग के बाद फिलहाल त्याग पत्र नहीं देने पर सहमति बनी है।**

दरअसल, इंदौर में कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे के पास नगर निगम नेता प्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष दोनों पदों की जिम्मेदारी थी। सोमवार को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के लेटर के बाद चिंटू चौकसे से नगर निगम नेता प्रतिपक्ष का पद लेकर कांग्रेस पार्षद सोनिला मिमरोट का सौंप दिया गया था। एक तरफ जहां सोनिला मिमरोट को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई थी, वहीं दूसरी तरह वार्ड 10 के कांग्रेस नेताओं में इस निर्णय को लेकर रोष व्याप्त हो गया था। सोनिला मिमरोट को नगर निगम नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी देने के बाद कई कांग्रेसियों ने त्याग पत्र देने का मन बना लिया था। इसे लेकर उनकी आपस में चर्चाएं भी हुईं। मंगलवार को सुबह अलग-अलग वार्डों के ब्लॉक अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी आदि कांग्रेस नेता दीपू यादव के यहां पहुंच गए। जिसके बाद वे उनके घर पहुंचे। जहां करीब दो घंटे त्याग पत्र को लेकर चर्चाओं को दौर चला। बताया जा रहा है कि दो घंटे चले मीटिंग में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं से भी चर्चा हुई। काफी देर तक चली मीटिंग के बाद फिलहाल यह हुआ है कि अभी कोई भी त्याग पत्र नहीं देगा। मामले में कांग्रेस नेता दीपू यादव का कहना है कि अभी कोई भी कांग्रेसजन अपना त्याग पत्र नहीं दे रहा है। सभी से चर्चा हो गई है और मामला शांत हो गया है। इधर, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष बदले जाने पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि कांग्रेस के बड़े नेताओं को भगवान ने सद्बुद्धि दी है। शहर की छवि खराब करने वाला जो विपक्ष था जो भ्रम फैलाकर राजनीति कर रहा था। ऐसे लोगों को पहचानकर कांग्रेस ने इनको हटाने का काम किया है। मुझे लगता है कि इससे शहर की छवि तो अच्छी होगी।

## मोबाइल दुकान में घुसा चोर, पुलिस ने दबोचा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात हो गई। दुकान मालिक को मोबाइल पर अलार्म अलर्ट मिला तो उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गश्त कर रहे थाना प्रभारी अनिल गुप्ता मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ ही देर में आरोपी को दबोच लिया। पुलिस के अनुसार मिशिका टॉवर स्थित भाटिया मोबाइल शॉप के संचालक अशोक भाटिया निवासी खातीवाला टैंक ने रात में सूचना दी थी कि उनकी दुकान में कोई घुस गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी पवन पटेल निवासी खंडवा को इलाके में घूमते हुए पकड़ लिया। आरोपी दुकान से दो मोबाइल फोन और एक टैबलेट चुराकर ले गया था। पुलिस ने चोरी गया सामान बरामद कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे।
या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

**यूसीसी पर सभी जिलों में हो चुकी हैं बैठकें**

# समान नागरिक संहिता के पक्ष में हैं 90 प्रतिशत से अधिक नागरिक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

● **प्रदेश में गुरू पूर्णिमा परववाड़ा मनाया जाएगा 15 से 29 जुलाई तक**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहितालागू (यूसीसी) करने के लिएसभी जिलों में जन परामर्श बैठकें हो चुकी हैं। सभी जिलों में कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। राज्य स्तरीय परामर्श 22 जून को भोपाल में हुआ। इसमें सभी आयोगों, विभागों, राजनैतिक दलों और धर्मगुरुओं से पृथक-पृथक बैठकें आयोजित कर मत लिया गया। लगभग 3.49 करोड़ एस.एम.एस यूसीसी के सुझाव आमंत्रित करने के लिए समग्र के हितग्राहियों को भेजें गए। नागरिकों के 9 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं, 90% से भी अधिक नागरिक यूसीसी के पक्ष में हैं। अल्पसंख्यक समुदाय का भी बड़ी संख्या में समर्थन प्राप्त हुआ है। विधेयक के प्रारूप पर समिति द्वारा विधि विभाग के साथ साझा रूप से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में गुरू पूर्णिमा पखवाड़ा दिनांक 15 से 29 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस अवधि में सभी स्कूलों में अलग अलग शैक्षणिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं और गतिविधियां होंगी। इसमें जनप्रतिनिधि, पालक एवं विषय विशेषज्ञ शामिल होगें। इसमें विद्यार्थियों के विकास की कार्य योजना बनाई जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रत्येक दिवस की कार्य योजना बनाई है, इसमें भाषण, निबंध प्रतियोगिता, संस्कृत श्लोक प्रस्तुति, स्वास्थ्य जागरूकता, वृक्षारोपण, कैरियर मार्गदर्शन इत्यादि विषय शामिल किए गए हैं। इस अवधि में सांदीपनि विद्यालयों में एक दिवसीय गुरू पूर्णिमा उत्सव होगा। इसके अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शिनी, नवाचार इत्यादि के कार्यक्रम किए जाएगें। कार्यक्रम में अभिभावक, जनप्रतिनिधिगण और नागरिकों की सहभागिता होगी।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की देश विदेश में विशेष पहचान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रसिद्ध वन्य जीव पर्यटन स्थल बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व को ''इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एंड अवार्ड-2026'' में ''एडिटर्स चॉईस अवार्ड- बेस्ट वाईल्ड लाईफ डेस्टिनेशन'' श्रेणी में पुरस्कृत किया गया है। गोवा में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रदान किया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, देश-विदेश के पर्यटकों के बीच अपनी समृद्ध जैव-विविधता, बाघों की अच्छी संख्या, प्राकृतिक सौंदर्य और प्रभावी संरक्षण प्रबंधन के लिए विशेष पहचान रखता है। यह अवार्ड प्रदेश सरकार की जैव विविधता के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 19 मार्च से प्रारंभजल गंगा संवर्धन अभियान का 25 से 30 जून 2026 की अवधि में समारोहपूर्वक समापन होगा। भारत सरकार के जल संचय जन भागीदारी अभियान में मध्यप्रदेश का तीसरा स्थान है। डिण्डौरी, खण्डवा तथा शहडोल देश के प्रथम 10 जिलों में तथा खण्डवा और इंदौर के नगरीय निकाय, देश के प्रथम 10 नगरीय निकायों में शामिल है। प्रदेश में अभियान में जल संरक्षण एवं संवर्धन में उल्लेखनीय कार्य हुए है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में समारोहपूर्वक समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाए। अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों की प्रदर्शनी, भाषण, ग्राम पंचायत में जनभागिता से किए गए कार्यों का प्रेजेंटेशन किया जाए और जल के सदुपयोग की शपथ भी दिलाई जाए।

## कॉन्स्टेबल अफराज मिर्जा ने कैमरे के सामने दिए आपत्तिजनक पोज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा , एजेंसी**। जिले में पुलिस महकमे को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। खालवा थाने में पदस्थ पुलिस आरक्षक अफराज मिर्जा के कुछ आपत्तिजनक फोटो, वीडियो और अश्लील चैटिंग के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल है। इस घटना से आक्रोशित हिंदू संगठनों ने मोर्चा खोलते हुए आरक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। तमाम कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर खंडवा कोतवाली थाने में एक शिकायती आवेदन सौंपा है।

हिंदू संगठनों ने कॉन्स्टेबल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि आरक्षक अफराज मिर्जा ने अपनी वर्दी और पद का धौंस दिखाकर सोशल मीडिया पर युवतियों के साथ अश्लील बातचीत की और आपत्तिजनक पोज दिए। शिकायत में यह भी कहा गया है कि जब पीड़ित महिला ने आरक्षक की अनुचित मांगों को पूरा करने से इनकार कर दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां भी दी गईं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए खंडवा पुलिस तुरंत हरकत में आ गई है। खंडवा के एडिशनल एसपी महेंद्र तारनेकर ने बताया कि हिंदू संगठनों द्वारा कोतवाली पुलिस को कई महत्वपूर्ण साक्ष्य सौंपे गए हैं। इन साक्ष्यों में आपत्तिजनक वीडियो, तस्वीरों के साथ-साथ अश्लील चैटिंग और धमकी भरे संदेशों के स्क्रीनशॉट भी शामिल हैं। इस पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच के लिए जिम्मेदारी सीएसपी अभिनव वारंगे को सौंपी गई है। जांच टीम सभी तकनीकी साक्ष्यों और स्क्रीनशॉट का बारीकी से विश्लेषण कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी के खिलाफ सख्त वैधानिक व विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद हिंदू संगठनों ने न केवल आरोपी आरक्षक को बर्खास्त करने की मांग की है, बल्कि पुलिस प्रशासन से एक विशेष आग्रह भी किया है। आवेदन में मांग की गई है कि जिले में पदस्थ ऐसे सभी पुलिसकर्मी जो सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, उनके डिजिटल फुटप्रिंट्स और सोशल मीडिया हैंडल्स की सघन जांच की जाए, ताकि खाकी की आड़ में चल रहे ऐसे अन्य मामलों का पर्दाफाश हो सके। फिलहाल, कोतवाली पुलिस उन युवतियों से संपर्क साधने और उनके बयान दर्ज करने की तैयारी कर रही है, जिनके फोटो और वीडियो साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि बयानों के बाद मामले में आगे की कानूनी धाराएं जोड़ी जाएंगी।

**मानसून सत्र के बाद बड़ा कैबिनेट फेरबदल संभव, कई दिग्गजों की छुट्टी तय**

# कैलाश विजयवर्गीय को बनाया जा सकता है बड़े राज्य का राज्यपाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश में विधानसभा के मानसून सत्र के बाद होने वाले पहले बड़े कैबिनेट विस्तार और फेरबदल को लेकर सियासी हलचल मची है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के परफॉर्मेंस आधारित बदलाव के बयान के बाद कई चौंकाने वाले समीकरण सामने आ रहे हैं।



सूत्रों के अनुसार इस फेरबदल में जहां कुछ दिग्गजों की छुट्टी हो सकती है, वहीं कुछ नए और पुराने चेहरों को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। समीक्षा रिपोर्ट और हालिया विवादों के कारण कैबिनेट के कुछ बड़े नामों पर हटने का खतरा मंडरा रहा है, जिसमें वरिष्ठ मंत्री विजय शाह कर्नल सोफिया कुरैशी पर अपनी विवादित टिप्पणी के बाद से संगठन और सुप्रीम कोर्ट के निशाने पर हैं, जिससे उनकी कुर्सी संकट में दिखाई दे रही है। दूसरी तरफ राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का पत्ता भी साफ होने की अटकलें हैं, क्योंकि हालिया विभागीय समीक्षा में उनका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं मिला है। इनके अलावा दिलीप अहिरवार, प्रतिमा बागरी और राधा सिंह के कामकाज को लेकर भी संशय बना हुआ है। सबसे बड़ी अटकल पार्टी के सबसे कद्दावर नेताओं में शामिल कैलाश विजयवर्गीय की भूमिका को लेकर नई चर्चाएं गर्म हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि उन्हें संगठन या सरकार में बदलाव के तहत किसी बड़े राज्य का राज्यपाल बनाया जा सकता है। वहीं, एक अन्य दिग्गज नेता प्रहलाद पटेल के अनुभव को देखते हुए उनके विभागों में फेरबदल कर उन्हें कोई अतिरिक्त या बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, जबकि तुलसीराम सिलावट के विभाग में भी पुनर्संतुलन के तहत बदलाव की संभावना है। क्षेत्रीय और सामाजिक समीकरणों को साधने के लिए बुंदेलखंड से वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव की कैबिनेट में दोबारा एंट्री हो सकती है, ताकि सागर, दमोह और पन्ना जैसे जिलों में उपजी नाराजगी को दूर करने के लिए उनके अनुभव का लाभ लिया जा सके। इसके साथ ही महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए रीति पाठक, मालिनी गौड़ या अर्चना चिटनीस में से किन्हीं दो चेहरों को मौका मिल सकता है, जबकि नए चेहरों में प्रदीप लारिया और बृजेंद्र प्रताप सिंह भी रेस में आगे दिख रहे हैं।

## महिला ने पिया हेयर डाई, मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना, एजेंसी**। अजयगढ़ क्षेत्र में एक महिला की हेयर डाई पीने से मौत हो गई। गंभीर हालत में महिला को पन्ना जिला अस्पताल से रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतका दो मासूम बच्चों की मां थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान अजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम छतेनी निवासी पुनिया अहिरवार (26) पत्नी सुनील अहिरवार के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब 5 वर्ष पहले हुई थी। पति सुनील अहिरवार मजदूरी का काम करते हैं। जानकारी के अनुसार, सोमवार को महिला का पूरा परिवार किशनपुर गांव में मामा के लड़के की शादी में शामिल होने गया था। शादी की खुशियों के बीच वहां महिला का मोबाइल चोरी हो गया। घटना को लेकर परिवार और महिला के बीच कहासुनी हुई थी। विवाद के बाद महिला ने सोमवार दोपहर को ही शादी से अकेले घर छतेनी लौट आई, जबकि बाकी परिजन बाद में पहुंचे। घर लौटने के बाद सोमवार को ही महिला ने कमरे में रखी बालों में लगाने वाली हेयर डाई पी ली।

## सीबीआई की टीम एम्स पहुंची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। ट्विशा की संदिग्ध मौत के मामले में जांच तेज करते हुए दिल्ली से आई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की टीम मंगलवार को एम्स भोपाल पहुंची। टीम ने करीब दो घंटे तक अस्पताल परिसर में रहकर पूरे घटनाक्रम की बारीकी से पड़ताल की और संबंधित डॉक्टरों व स्टाफ से पूछताछ की। इसके अलावा हर तरह के मेडिकल एंगल पर डॉक्टर्स से बातचीत भी की। जानकारी के अनुसार, सीबीआई अधिकारियों ने टीम ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ से पूछताछ करते हुए यह जानने की कोशिश की कि मरीज को किस हालत में लाया गया।

## संपादकीय

# ब्रिक्स की बढ़ती प्रासंगिकता और वैश्विक चुनौतियाँ

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल ने नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक में कहा कि दुनिया इस समय सैन्य संघर्षों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और नई तकनीकी चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर खतरे लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और तंत्र इनका प्रभावी समाधान करने में पर्याप्त साबित नहीं हो रहे हैं। डोभाल ने चिंता जताई कि बहुपक्षवाद (Multilateralism) भी कमजोर पड़ रहा है। डोभाल ने ब्रिक्स को एक विशेष गठबंधन बताते हुए कहा कि इसकी स्थापना उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग बढ़ाने और ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स सदस्य और साझेदार देशों की विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका है तथा मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में इस मंच का महत्व और बढ़ गया है। के इतर एनएसए अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच द्विपक्षीय वार्ता भी हुई। दोनों नेताओं ने भारत-चीन संबंधों में सामान्यीकरण की दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। चर्चा में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर विश्वास बहाली उपायों, राजनयिक संवाद और द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने के मुद्दे शामिल रहे। वांग यी ने कहा कि भारत और चीन के लिए एक-दूसरे के मुख्य हितों का सम्मान करना आवश्यक है। उन्होंने दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच बनी सहमति को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। दोनों पक्षों ने स्थिर और सकारात्मक संबंधों को क्षेत्रीय शांति और विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। बैठक के दौरान पश्चिम एशिया का तनाव भी चर्चा का केंद्र बन गया। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के उप सचिव डॉ. गदीर नेजामीपोर ने संयुक्त अरब अमीरात (UAE) पर हालिया सैन्य कार्रवाइयों में भूमिका निभाने का आरोप लगाया। इससे ब्रिक्स मंच पर दोनों देशों के बीच मतभेद खुलकर सामने आए। यह घटनाक्रम पिछले महीने ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में हुए विवाद की भी याद दिलाता है। बैठक में आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, क्षेत्रीय संघर्ष, ऊर्जा सुरक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों से जुड़े खतरों पर भी व्यापक विचार-विमर्श हुआ। डोभाल ने हालिया अमेरिका-ईरान समझौते का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए सकारात्मक कदम बताया। ब्रिक्स देशों ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग और संवाद को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## ज्ञान-विज्ञान

# 'दिन में छाएगा अंधेरा', करीब आई पूर्ण सूर्य ग्रहण की तारीख

### जानें क्यों खास होने जा रहा है 12 अगस्त

खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वालों के लिए एक खास मौका करीब आ रहा है। एक दुर्लभ और पूर्ण सूर्य ग्रहण में अब सिर्फ कुछ हफ्ते बाकी हैं। 12 अगस्त 2026 को चंद्रमा की मुख्य छाया आर्कटिक, पूर्वी ग्रीनलैंड, पश्चिमी आइसलैंड, अटलांटिक महासागर और उत्तरी स्पेन के ऊपर से गुजरेगी। इस इलाके के लोगों को इस दिन सूर्य ग्रहण देखने को मिलेगा। भारत पूर्ण ग्रहण के मुख्य रास्ते में नहीं है लेकिन देश के कुछ हिस्सों में आंशिक सूर्य ग्रह देखा जा सकेगा।

12 अगस्त को सूर्य ग्रहण की वजह से दिन की रोशनी कुछ देर के लिए बेहद कम जाएगी। यानी दिन में रात जैसा माहौल हो जाएगा। सूरज का कोरोना (बाहरी घेरा) दिखाई देगा। पूर्ण ग्रहण के दौरान नॉर्दर्न लाइट्स और टूटते तारे भी दिख सकते हैं। इस सूर्य ग्रहण की कुछ खास बातें इस तरह से रहेंगी।

### सूर्य ग्रहण की खास बातें

1. पूर्ण ग्रहण की अवधि 2 मिनट 18 सेकंड होगी। यह सबसे ज्यादा समय आइसलैंड के पास दिखेगा। स्पेन में पूर्ण ग्रहण सूर्यास्त से ठीक पहले होगा। ग्रीनलैंड में भी ये साफ दिखेगा।
2. साल 1954 के बाद आइसलैंड से और 1905 के बाद स्पेन से दिखाई देने वाला पहला पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा। मुख्य यूरोप में 1999 के बाद से कोई पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं देखा गया है।
3. यूरोप के ज्यादातर हिस्सों, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका, कनाडा और उत्तरी अमेरिका के कुछ हिस्सों में आंशिक सूर्य ग्रहण दिखाई देगा।
4. 12 अगस्त को ही सालाना पर्सिड्स उल्का वर्षा अपने चरम पर होगी, जब कभी-कभी प्रति घंटे 100 तक 'टूटते तारे' देखे जा सकते हैं।
5. पूर्ण सूर्य ग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुजरता है और सूर्य की चमकदार डिस्क को पूरी तरह ढक लेता है। ऐसा संरेखण (अलायमेंट) इसलिए होता है क्योंकि सूर्य चंद्रमा से 400 गुना बड़ा है लेकिन वह 400 गुना दूर भी है। इससे वे आसमान में एक आकार के दिखाई देते हैं।



### 2026 के पूर्ण सूर्य ग्रहण को देखने के लिए 10 जगहें-

1. स्कोर्सबी सुंड, ग्रीनलैंड (2 मिनट 17 सेकंड पूर्ण ग्रहण)
2. स्नेफेल्सनेस प्रायद्वीप, आइसलैंड (2 मिनट 9 सेकंड)
3. रेकजाविक, आइसलैंड (1 मिनट)
4. रेकजानेस प्रायद्वीप, आइसलैंड (1 मिनट 46 सेकंड)
5. ए कोरुना, स्पेन (1 मिनट 16 सेकंड)
6. लियोन, स्पेन (1 मिनट 44 सेकंड)
7. बुर्गोस, स्पेन (1 मिनट 44 सेकंड)
8. जारागोजा, स्पेन (1 मिनट 22 सेकंड)
9. एब्रो डेल्टा, स्पेन (1 मिनट 36 सेकंड)
10. एसअरेनल, मैलोर्का, स्पेन (1 मिनट 35 सेकंड)

**पृथ्वी पर पिछला पूर्ण सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल, 2024 को हुआ था। 2024 में मैक्सिको, अमेरिका और कनाडा में फैले पूर्ण ग्रहण के एक संकरे रास्ते में 4 मिनट 28 सेकंड तक पूर्ण ग्रहण का अनुभव किया गया था।**

### कहां दिखेगा सबसे अच्छा नजारा

पूर्ण सूर्य ग्रहण पृथ्वी पर हर 16 महीने में कहीं ना कहीं होता है लेकिन किसी एक जगह पर यह दुर्लभ होता है। अक्सर यह कुछ सदियों में केवल एक बार दिखाई देता है। 12 अगस्त को दर्जनों अभियान क्रूज जहाज ग्रहण देखने वालों को ग्रीनलैंड ले जाएंगे। जमीन से देखने के लिए सबसे अच्छे विकल्प पश्चिमी आइसलैंड और उत्तरी स्पेन है।

# NASA के सैटेलाइट ने देखा सुपर अल नीनो, उबल रहा समुद्र, भारत समेत दुनिया पर असर

प्रशांत महासागर में एक शक्तिशाली अल नीनो तेजी से बन रहा है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA के एक सैटेलाइट ने समुद्र की सतह को बढ़ाने वाली गर्मी की विशाल लहर को कैद किया है। नासा के सेंटिनल-6 माइकल फ्रेलिच सैटेलाइट से मिली नई जानकारियों से पता चलता है कि प्रशांत महासागर का जलस्तर भूमध्यरेखीय क्षेत्र में असामान्य रूप से ऊंचा है। यह बताता है कि समुद्र की सतह के नीचे बड़ी मात्रा में गर्म पानी जमा हो रहा है।

प्रशांत महासागर के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान और उसके कारण समुद्र की सतह के ऊंचा होने को अल-नीनो से जोड़ा जाता है। अमेरिका के महासागरीय और वायु मंडलीय प्रशासन (NOAA) ने पहले ही 11 जून को अल-नीनो की घोषणा कर दी थी। समुद्र की सतह के जलस्तर में वृद्धि का डेटा यह बता सकता है कि समुद्र की सतह के नीचे कितनी गर्मी जमा है। गर्म पानी के फैलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ता है।

### 1997 के गॉडजिला अल नीनो की दिलाई याद

नासा की जेट प्रोप्लशन लैबोरेटरी के शोधकर्ताओं का कहना है कि पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में देखी जा रही स्थितियां 1997 में देखी गई स्थितियों से काफी मिलती-जुलती हैं। उस साल अब तक के सबसे शक्तिशाली अल नीनो में से एक बना था, जिसे गॉडजिला अल नीनो कहा जाता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार का अल नीनो लगातार



मजबूत हो रहा है और यह दशकों में सबसे शक्तिशाली घटना हो सकती है।

### प्रशांत महासागर का उठ रहा जलस्तर

लैबोरेटरी ने सैटेलाइट से मिले डेटा को प्रोसेस करके समुद्र का एक नक्शा तैयार किया है। इस नक्शे में 8 जून की स्थिति दिखाई गई है। इससे लाल रंग का हिस्सा समुद्र के ऊंचा जल स्तर को दिखाता है, जबकि सफेद हिस्से सामान्य और नीले हिस्से कम जलस्तर को दिखाते हैं। इसी सैटेलाइट ने पहले केल्विन वेव्स को भी रिकॉर्ड किया था। ये प्रशांत महासागर में गर्म पानी का एक विशाल भंडार होती है, जो सैकड़ों मील चौड़ी होती है।

### भारत समेत दुनिया पर होगा असर

हाल के दिनों में अल नीनो को लेकर गंभीर चेतावनी जारी हुई हैं। विश्व मौसम संगठन ने पहले ही कहा है कि औसत से ज्यादा तापमान दुनिया के लगभग सभी हिस्सों में फैल जाएगा। माना जा रहा है कि यह अल नीनो पिछले 150 सालों में सबसे ज्यादा असरदार होगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे दुनिया के हर हिस्से में गर्मी बढ़ेगी और बारिश के मौसम पर असर पड़ेगा। भारत पहले ही गर्मी का सामना कर रहा है। ऐसे में मानसून में कमी 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ा सकती है।

New Delhi

# देश के 315 जिलों पर कमजोर मानसून का खतरा, सरकार तैयार : शिवराज

**नई दिल्ली, (एजेंसी) केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अल नीनो के प्रभाव के कारण मानसून की चाल पर असर पड़ा है और देश में अब तक सामान्य से 43 प्रतिशत कम बारिश हुई है और दो जुलाई तक की जानकारी के अनुसार आगे भी मानसून के कमजोर रहने के आसार हैं। सरकार इस स्थिति से निपटने को तैयार है तथा आकस्मिक योजना तैयार कर ली गयी है।**



श्री चौहान ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्थिति की समीक्षा के लिए राज्यों के कृषि मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और संभावित रूप से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय वर्चुअल बैठक की गयी और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश के 315 जिलों को कमजोर मानसून से प्रभावित होने की श्रेणी में आंका गया है। सरकार ने इन जिलों को उनकी सिंचाई व्यवस्था के आधार पर प्राथमिकताओं में बांटा है। इनमें विशेष प्राथमिकता वाले 111 जिले हैं। ये ऐसे संवेदनशील जिले हैं, जहां सिंचाई की व्यवस्था केवल 25 प्रतिशत क्षेत्र में ही उपलब्ध है। सरकार का पूरा ध्यान सबसे पहले इन्हीं जिलों पर है। इसके बाद मध्यम प्राथमिकता वाले जिलों की 76 है।

Rajasthan

# लिव-इन में रहना है तो करवाना होगा रजिस्ट्रेशन




**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान में अब जल्द ही व्यक्तिगत कानूनों की व्यवस्था हमेशा के लिए बदलने वाली है। राज्य की भजनलाल सरकार प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रस्तावित यूसीसी कानून में सबसे बड़ा और चौंकाने वाला बदलाव युवाओं की लाइफस्टाइल को लेकर होने जा रहा है।

नए नियमों के मुताबिक, राजस्थान में अब कोई भी जोड़ा बिना रजिस्ट्रेशन के लिव-इन रिलेशनशिप में नहीं रह सकेगा। अगर कोई लिव-इन में रहना चाहता है, तो उसे सरकारी रिकॉर्ड में इसका पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। यह कदम सुरक्षा और सामाजिक पारदर्शिता को ध्यान में रखकर उठाया जा रहा है। मंत्रिपरिषद की ओर से लिए गए फैसले के बाद अब 'राजस्थान समान नागरिक संहिता 2026' विधेयक को विधानसभा में लाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस नए कानून के लागू होते ही प्रदेश में सालों से चले आ रहे हिंदू कोड और मुस्लिम पर्सनल लॉ जैसे धार्मिक कानून खत्म हो जाएंगे। शादी, तलाक से लेकर संपत्ति के अधिकार तक, हर धर्म के नागरिक के लिए सिर्फ एक ही कानून होगा।

Maharashtra

# पुणे में सोनम रघुवंशी जैसा केस

**पुणे, (एजेंसी)** पुणे में इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड से मिलती-जुलती वारदात सामने आई है। यहां 26 साल के केतन विशाल अग्रवाल की उनकी मंगेतर सिया गोयल (20) और उसके बॉयफ्रेंड चेतन चौधरी (22) ने मिलकर हत्या कर दी। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने केतन को लोहागढ़ किले से करीब 400 फीट गहरी खाई में धक्का दिया और इसे हादसा बताने की कोशिश की। केतन 18 जून को अपने मंगेतर सिया के साथ पुणे के लोहागढ़ किले पर ट्रेकिंग के लिए गए थे। बाद में उनका शव खाई से मिला। केतन पुणे जिले के गहुंजे के रहने वाले थे और परिवार के रियल एस्टेट कंपनी में डायरेक्टर थे। वहीं सिया पुणे के एक बड़े मसाला व्यापारी की बेटी है। इस साल नवंबर में राजस्थान के उदयपुर स्थित एक शाही पैलेस में दोनों की शादी होने वाली थी। यह शादी दोनों के परिवारों ने तय की थी। घर में तैयारियां भी शुरू थीं। मेहमानों के लिए दो चार्टर्ड प्लेन की व्यवस्था भी की गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी पर परिवार करीब 17 करोड़ खर्च करने वाला था।

New Delhi

# पद्म अवॉर्ड के दूसरे फेज में 65 हस्तियां सम्मानित

**नई दिल्ली, (एजेंसी) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में पद्म अवॉर्ड के दूसरे फेज में 65 हस्तियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में 2 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 56 पद्मश्री दिए गए।**



सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस केटी थॉमस को जनसेवा, सीनियर मलयालम जर्नलिस्ट पी नारायणन को साहित्य के लिए पद्म विभूषण दिया गया। झारखंड के पहले मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया। अवॉर्ड लेने उनकी पत्नी रूपी सोरेन पहुंचीं। सिंगर अलका याग्निक ने अवॉर्ड लेने से पहले पीएम नरेंद्र मोदी के पैर छुए। क्रिकेटर रोहित शर्मा, एक्टर आर माधवन को पद्मश्री से नवाजा गया। पुरस्कार पाने वालों में एक्टर मम्मूटी और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज भी शामिल रहे। 2026 के पद्म पुस्कारों के लिए कुल 131 लोगों को चुना गया था। इससे पहले 25 मई को पहले चरण में भारतीय वुमन क्रिकेट टीम कैप्टन हरमनप्रीत कौर, एक्टर धर्मेंद्र समेत 66 हस्तियों पद्म अवॉर्ड दिए गए थे।

खेल


# आईसीसी रैंकिंग : नंबर-1 टी20 गेंदबाज बनीं श्री चरणी, जानें दूसरे नाम पर कौन?

**दुबई, (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने इतिहास रच दिया है। जारी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपने शानदार और मैच जिताऊ प्रदर्शन के दम पर वह पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष (नंबर-1) पायदान पर पहुंच गई हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग अपडेट में उन्हें टूर्नामेंट में लगातार मैच जिताने वाले प्रदर्शनों का बड़ा इनाम मिला है।**

21 साल की इस युवा खिलाड़ी ने इस वैश्विक प्रतियोगिता में अब तक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनकर दुनिया में पहला स्थान हासिल किया है। इस धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने इंग्लैंड की स्पिनर लिन्से स्मिथ को नंबर-1 के सिंहासन से नीचे धकेल दिया है।

### एक साल के भीतर तय किया शीर्ष का सफर

श्री चरणी के करियर में यह एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जिसने महज एक साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से बहुत तेजी से रफ्तार पकड़ी




है। इंग्लैंड की सरजमीं पर चल रहे विश्व कप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें भारत का सबसे प्रमुख गेंदबाजी हथियार बना दिया है। इस युवा सनसनी ने विश्व कप के केवल तीन मैचों में ही 10 विकेट चटकाए हैं।

उन्हें नंबर-1 की कुर्सी तक पहुंचाने में लगातार दो मैच जिताऊ स्पेल की बड़ी भूमिका रही। लीड्स में नीदरलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना दूसरा चार विकेट हॉल (चार विकेट) लेने के बाद, चरणी ने मैनचेस्टर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन विकेट चटकाए। इन दमदार प्रदर्शनों ने उन्हें इतने रेटिंग अंक दिलाए कि वह स्मिथ को पीछे छोड़कर महिला क्रिकेट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बन गईं।

### अन्य गेंदबाजों की रैंकिंग में बड़ा उलटफेर

जहां एक ओर श्री चरणी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया, वहीं इंग्लैंड की लिन्से स्मिथ विश्व कप की अपेक्षाकृत शांत शुरुआत के बाद दो स्थान फिसलकर तीसरे नंबर पर आ गई हैं। उनकी हमवतन खिलाड़ी चार्ली डीन इंग्लैंड के शुरुआती तीन मैचों में पांच विकेट लेने की बदौलत दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। ताजा रैंकिंग अपडेट में कई प्रमुख गेंदबाजों के स्थान में भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। पूर्व विश्व नंबर-1 सोफी एक्लेस्टोन चार पायदान की छलांग लगाकर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज नौ स्थानों के सुधार के साथ 11वें नंबर पर आ गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ ने सबसे लंबी छलांग लगाई है, जो 25 स्थानों की बढ़त के साथ शीर्ष 20 में शामिल हो गई हैं। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना सुधार के साथ 25वें और आयरलैंड की ओर्ला प्रेंडरगास्ट भी महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

सिनेमा

# 'बालिका वधू' की डॉ. गंगा जगदीश ने दिया बेटी को जन्म, पापा बोले- मेरी बेटी ने मुझे फादर्स डे पर खुद को दे दिया




'बालिका वधू', 'बंदिनी', 'तेनाली रामा' जैसे शो में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस आसिया काजी मां बन गई हैं। एक्ट्रेस ने 20 जून को अपने पहले बच्चे को जन्म दिया है। उन्होंने साल 2024 में गुलशन नैन से शादी रचाई थी। अपनी लाडली की झलक शेयर करते हुए उन्होंने बेहद प्यार भरा एक पोस्ट भी किया है। आसिया ने हाल ही में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। एक्ट्रेस ने बेटी की पहली झलक दिखाई है, जिसमें चेहरा तो नजर नहीं आ रहा लेकिन बच्ची के हाथ, पैर और होंठ दिखाए हैं। इसी के साथ उन्होंने बेटी का बर्थ डेट भी शेयर किया है। उन्होंने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'हमारी छोटी सी प्रिंसेस इस दुनिया में आ गई है।' इन झलकियों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'हम पर भरोसा करने के लिए ईश्वर को शुक्रिया, हम अपना बेस्ट करेंगे।' आसिया के इस पोस्ट पर कीश्वर मर्चेंट, हाल ही में पापा बने विवेक दहिया, नंदीश संधू जैसे तमाम इंडस्ट्री के दोस्तों ने उन्हें बधाई दी है और बच्ची पर प्यार-आशीर्वाद बरसाया है। वहीं गुलशन नैन ने भी दो दिन पहले अपनी बिटिया के साथ एक दिल छू जाने वाली तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर में वो लाडली को गोद में लिए दिख रहे हैं। उन्होंने लिखा, 'मेरी बेटी ने मुझे फादर्स डे के

## Highlights

1. **Congress keeps saying 'Modiji this & that should be done', even they believe 'karega to yehi': PM**
2. **Shelter dog refuses to let go man's hand, leaves everyone in tears**
3. **'If we are Kafirs, don't walk on roads built by us,' says MP Minister; sparks row**
4. **2 workers killed, 2 trapped as fire breaks out at industrial park in Andhra**
5. **Union Minister George Kurian resigns**
6. **'Let me go to my son,' cries mother outside Lucknow building where fire killed 15**
7. **BMC banks on July rain, says water stock to last till Aug 20**

# Google sculpts AI for India, and witnessing Meta's theatre




**NEW DEIHI, (Agency).** Norway intends to ban the use of generative AI tools by elementary school children, with Prime Minister Jonas Gahr Stoere warning (correctly, if I might add) that AI lets children skip crucial steps in their education and that schools should focus on teaching them how to read, write and do mathematics. These guidelines will be implemented with the new school year that starts sometime in August. Two parts to this. Students in Grade 1 to 7 will be completely banned from using AI, while teens between ages 14 to 16 years will be able to use generative tools with a teacher's supervision. This is still in the works; expect to hear more soon.

Time and again, I've pointed out that amidst the usual ruckus by AI companies, there's a contrast that holds fort. Google's focus with AI goes much beyond what constitutes the typical AI ruckus these days (usage metrics, taking all human jobs nonsense and so on), with an intent to help AI become relevant for the masses. No, not the iPhone-totting ones or the greedy corporate boardroom audience, but people who genuinely could do with that helping hand. Our regular readers may remember a few weeks ago, I'd talked about Google DeepMind's three AI model releases—Gemma 4, Gemini 3.1 Flash-Lite and Veo 3.1 Lite—focused on helping build what they call as India's AI ambition. This is the sort of thing that creates more impact than noise.

Google DeepMind isn't slowing down on this mission. They believe that with the new Gemini 3.5 Live Translate and Gemini 3.1 Flash Text-to-Speech, there is scope to help. " What excites me most is this new audio model's ability to handle the fluid and unstructured way we naturally mix languages when we speak," notes Manish Gupta, Senior Director, Google DeepMind.

With Gemini 3.5 Live Translate, they believe education platforms can integrate this into their online teaching modules to translate video and audio lectures for students. A key element of Gemini 3.5 Live Translate is its ability to translate tone of a sentence, and not just words—in other words, natural voice. Supported languages at this time include Hindi, Marathi, Telugu, Tamil, Gujarati, Malayalam, and English (India). Then there is the Gemini 3.1 Flash TTS, the latest text-to-speech model, which can potentially be the foundation for the next generation of AI-speech applications. The latest version builds improvements for overall speech quality, with focus on natural tone and expressions. One of the use cases Google DeepMind points to the use of Gemini 3.1 Flash TTS in scriptwriting, which can help generate multi-cast audio content. The Indian language support scope includes Hindi, Tamil, Telugu, Marathi, Gujarati, Bengali, Kannada, Malayalam, and Urdu. In particular, Hindi language models don't really get much better than this.

# मेट्रोपॉलिटन सिटी में इंदौर के नाम को प्राथमिकता नहीं दिने जाने का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया का मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। उज्जैन का नाम पहले अधिसूचना में लिखे जाने सहित अन्य बिंदुओं को याचिका में उठाया गया है। इसके अलावा अधिसूचना को भी याचिकाकर्ता ने चुनौती दी है। अब कोर्ट इस मामले में सुनवाई करेगी।**

याचिकाकर्ता ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन एरिया के गठन में कई महत्वपूर्ण प्रावधान व कानूनी पहलुओं को नजरअंदाज किया गया है। इसके अलावा नामकरण में इंदौर को प्राथमिकता नहीं दिए जाने पर भी आपत्ति जताई गई है। याचिका में कहा गया कि इंदौर को प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहा जाता है। सबसे ज्यादा राजस्व प्रदेश को इंदौर से मिलता है। इसके बावजूद



इंदौर का नाम पीछे रखा गया है, जबकि इंदौर की आबादी 100 प्रतिशत एरिया में शामिल है, जबकि उज्जैन की 59 प्रतिशत आबादी शामिल रखी गई है। अब मामले की सुनवाई की जाएगी। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन एरिया में 16 हजार वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र शामिल किया गया है। इसमें इंदौर, उज्जैन, धार, शाजापुर, देवास सहित छह जिले शामिल किए गए हैं। हाल ही में इस एरिया में शामिल गांवों की अधिसूचना भी शासन ने जारी की है, जिसमें 38 तहसीलों के 2781 गांव जुड़े हैं। शासन मेट्रोपॉलिटन सिटी का विकास अलग-अलग चरणों में करेगा। इंदौर का नाम एरिया में पीछे रखे जाने को लेकर इंदौर के कई लोग नाराज हैं। जल्दी ही इस मामले में आंदोलन की रणनीति भी बनाई जा रही है। हालांकि, इस मुद्दे पर शहर के जनप्रतिनिधि खामोश हैं। उनकी तरफ से इंदौर को प्राथमिकता नहीं दिए जाने पर कोई विरोध नहीं हुआ।

## प्रेम विवाह के दो साल बाद महिला ने दी जान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम थाना क्षेत्र के स्मृति नगर में रहने वाली महिला ने सोमवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर में मौजूद थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पुलिस दंपती विवाद के पहलू को भी खंगाल रही है।**

पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान उर्वशी राजपूत (28) पत्नी सुधांशु राजपूत निवासी स्मृति नगर के रूप में हुई है। सोमवार रात उर्वशी अपने कमरे में गई और फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे फंदे पर लटका देखा और तुरंत इसकी जानकारी उसके पति को दी। जानकारी मिलने पर पति सुधांशु अपने दोस्त की कार से उर्वशी को लेकर पहले एक निजी अस्पताल पहुंचा। वहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय उर्वशी के सास-ससुर घर के नीचे वाले कमरे में मौजूद थे, जबकि उसका देवर घर से बाहर गया हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया है कि उर्वशी और सुधांशु ने करीब दो साल पहले प्रेम विवाह किया था। दोनों पहले एक ही दुकान पर काम करते थे। बाद में सुधांशु ने प्रॉपर्टी का काम शुरू कर दिया था। शादी के बाद दोनों स्मृति नगर में रह रहे थे। उर्वशी के भाई राज ने बताया कि रात करीब ढाई बजे उसके मोबाइल पर कॉल आया था। जब वह अस्पताल पहुंचा, तब तक उर्वशी की मौत हो चुकी थी। भाई ने आरोप लगाया कि उर्वशी के ससुराल पक्ष के लोगों ने घटनास्थल से छेड़छाड़ की है। उनका कहना है कि पति और ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर उर्वशी ने यह कदम उठाया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस के अनुसार मौके से किसी प्रकार का सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। इसलिए आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों और परिचितों के बयान दर्ज कर रही है। एरोड्रम थाना पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच जारी है।

## जमीन विवाद का झगड़ा शांत करने गए दो पुलिसकर्मियों से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। डायमंड कॉलोनी में बेशकीमती जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंचे कनाड़िया थाने के दो पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद दोनों पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों से मारपीट की बात से इनकार किया है।**

घटना के बाद पुलिस विभाग में नाराजगी दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर भी पुलिसकर्मियों के साथ हुए व्यवहार को लेकर गुस्सा सामने आया। बताया जा रहा है कि मौके पर पहुंचे सिपाहियों ने घटना के कुछ वीडियो बनाए थे, जिन्हें उनके मोबाइल से डिलीट करवाने की बात भी सामने आई है। मामला डायमंड कॉलोनी का है, जहां मोहसीन खान की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को मोहसीन अपने साथ कुछ लोगों को लेकर जमीन से कब्जा हटवाने पहुंचा था। इस दौरान झोपड़ियां और शेड हटाए जाने लगे, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध करते हुए पथराव कर दिया। झगड़े की सूचना डायल-112 पर मिलने के बाद कनाड़िया थाने से सिपाही आशीष शर्मा और विजय सिकरवार मौके पर पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान एक पक्ष के कुछ युवकों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को देने के बाद कनाड़िया थाना प्रभारी सहर्ष यादव भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद दोनों पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों ने भी जानकारी ली। सूत्रों के अनुसार सोमवार और मंगलवार को भी पुलिस बल की मौजूदगी में जमीन से कब्जे हटाने की कार्रवाई जारी रही। बताया जा रहा है कि इस बेशकीमती जमीन विवाद में कई प्रभावशाली लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक